कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा–माध्य/बजट/बी–6/25650/पीईईओ/2017–18/ दिनांक :– 23/02/2018

जिला शिक्षा अधिकारी
(माध्यमिक–प्रथम/द्वितीय)
....

विषय :– आपके अधीनस्थ पीईईओ द्वारा प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों का वेतन आहरण नहीं करने के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट करने बाबत।

–––0–––

उपर्युक्त विषयान्तर्गत राज्य सरकार के आदेश क्रमांक प.15(1)प्राशि/2017 पार्ट 2 जयपुर दिनांक 07.12.2017 द्वारा ग्राम पंचायत क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों/कार्मिकों/संस्था प्रधानों के वेतन आहरण हेतु अधिकृत किया गया था। राज्य सरकार के आदेशों की पालना में एवं सम्बन्धित बीईईओ द्वारा सूचित की गई सूची के अनुसार विभाग द्वारा सम्बन्धित पीईईओ को विभिन्न लेखामदों में संवेतन के चुकारे हेतु बजट आवंटन इस कार्यालय द्वारा जारी कर दिया गया था।

इस सम्बन्ध में वर्तमान परिस्थिति नीचे लिखे अनुसार है :–

1. जिलावार ऐसे विद्यालयों की संख्या 314 है जिनमें अभी तक सम्बन्धित पीईईओ द्वारा बजट की लेखामदवार मांग नहीं करने के कारण उन्हें बजट आवंटन नहीं हो सका है। सूची परिशिष्ट 1 पर संलग्न है अतः आपके क्षेत्राधीन बचे हुए पीईईओ से सम्पर्क कर आज ही बजट की मांग शाला दर्पण पर कराया जाना सुनिश्चित करें ताकि बजट का आवंटन किया जा सके।
2. जिलावार 1339 विद्यालयों की सूची परिशिष्ट 2 पर संलग्न की जा रही है जिन्हें बजट का आवंटन करने के बावजूद भी राशि का आहरण उनके द्वारा नहीं किया गया है। ऐसे विद्यालयों को जिला लेवल पर निर्देशित कर आगामी 02 दिवस में वेतन आहरण की व्यवस्था सुनिश्चित करावें।
3. जिलावार 128 विद्यालयों की सूची परिशिष्ट 3 पर संलग्न है जिन्हें सम्बन्धित बीईईओ की मांग पर बजट का आवंटन जारी कर दिया गया था परन्तु उक्त विद्यालय निर्धारित पीईईओ की सूची में नही है अतः अपने क्षेत्राधीन पीईईओ की सूची से इसका मिलान कर वास्तविक स्थिति से इस कार्यालय को अवगत करावे।

अतः इस सम्बन्ध में आप पूर्ण वस्तुस्थिति से इस कार्यालय को जरिये Mail id :- caosecedu@gmail.com पर दिनांक 26.02.2018 तक भिजवाया जाना सुनिश्चित करावें । **इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता पर आपकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय की जाएगी।**

संलग्न :– उपर्युक्तानुसार

www.rajteachers.com

(नथमल डिडेल)
IAS
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान,
बीकानेर

क्रमांक : शिविरा–माध्य/बजट/बी–6/25650/पीईईओ/2017–18/ दिनांक :–23/02/2018

प्रतिलिपि :–

1. समस्त उप निदेशक (माध्यमिक), शिक्षा विभाग को भेजकर निर्देश दिए जाते हैं कि उपर्युक्त कार्यवाही 02 दिवस में सम्पन्न करवाया जाना सुनिश्चित करावें।

वित्तीय सलाहकार
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान,
बीकानेर